एक लाख लोगों ने राज्य के हस्तशिल्प, निवेश व पर्यटन का प्रदर्शन देखा

मुख्यमंत्री भजनलाल के ''विकसित राजस्थान'' के विज़न पर आधारित है, प्रगति मैदान में राजस्थान पवेलियन

नई दिल्ली/जयपुर, 22 नवम्बर। नई दिल्ली में आयोजित हो रहे 45वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान पवेलियन प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प, औद्योगिक क्षमताओं, निवेश संभावनाओं एवं आधुनिक तकनीकी नवाचारों का आकर्षक प्रदर्शन कर रहा है।

प्रगति मैदान के हॉल संख्या-3 के ग्राउंड फ्लोर पर लगभग एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित पवेलियन अब तक करीब एक लाख आगंतुकों का स्वागत कर चुका है। पार्टनर स्टेट के रूप में राजस्थान इस वर्ष भी मेले में सहभागी है।

इस मंच के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'विकसित राजस्थान' के विजन को मुख्य रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। राजस्थान पवेलियन में प्रदेश के 41 जिलों के ओडीओपी उत्पादों एवं 24 जीआई टैग उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। वहीं, 44 स्टॉलों के माध्यम से शिल्पकारों, उद्यिमयों, उत्पाद निर्माताओं एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर प्रदान किया गया है। आईआईटीएफ-2026 में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, हस्तशिल्प एवं विकास की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

- **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान के पवेलियन के 44 स्टॉलों में प्रदेश के शिल्पकारों, उद्यमियों, उत्पाद निर्माताओं तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर प्राप्त हुआ।**

दीपक विवाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति दी गई थी। शुक्रवार को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सख्त शर्तों के साथ यह अस्थायी व्यवस्था दी थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि केवल देवस्थानम (मंदिर प्रशासन) की अधिकृत टीम और अधिकारी ही पुरातत्व विभाग (एएसआइ), पुलिस और मदुरै जिला कलेक्टर की निगरानी में यह अनुष्ठान करेंगे। इस दौरान किसी भी जुलूस, नारेबाजी या आम जनता के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। साथ ही, जरूरत पड़ने पर सीआरपीएफ की तैनाती के निर्देश भी दिए गए थे। दरअसल, विवाद की जड़ पहाड़ी की चोटी पर स्थित हजरत सुल्तान सिकंदर बादशाह औलिया दरगाह और दीपथून स्तंभ के बीच महज लगभग 50 मीटर की दूरी है। दशकों से दीप निचली ढलान पर स्थित दीप मंडपम में जलाया जाता रहा है।

सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना

अमृतसर (पंजाब), 22 नवंबर। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को पाकिस्तान रवाना हो गया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के कार्यालय से 1822 श्रद्धालुओं का जत्था अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। जत्थे में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज भी शामिल हैं।

- **यह जत्था पाकिस्तान में श्री ननकाना साहिब, श्री पंजा साहिब, गुरुद्वारा सच्चा सौदा आदि ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन करेगा।**

यह जत्था पाकिस्तान में श्री ननकाना साहिब, श्री पंजा साहिब, गुरुद्वारा सच्चा सौदा सहित विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबानों में नतमस्तक होकर गुरु घरों का आशीर्वाद प्राप्त करेगा। धार्मिक यात्रा पूरी करने के बाद जत्था दिसंबर को भारत वापस लौटेगा।

इस बार एसजीपीसी की ओर से कुल 1828 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट वीजा जारी करवाने के लिए पाकिस्तान सरकार को भेजे गए थे, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने इनमें से 1822 श्रद्धालुओं को ही वीजा जारी किया। इस कारण छह श्रद्धालु वीजा नहीं मिलने के चलते यात्रा में शामिल नहीं हो सके।

'हर सभ्यता को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस मंच में एससीओ के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन दिल्ली के ऐतिहासिक पुराना किला में हुआ था। इस घोषणापत्र में मुख्य रूप से सभ्यताओं के बीच समानता और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को शामिल किया गया है। मंच में सदस्य देशों के बीच हुई चर्चा और उनके सुझावों के आधार पर यह दस्तावेज तैयार किया गया। दुनिया की प्रत्येक सभ्यता को समान सम्मान और अपनी बात रखने का बराबर अधिकार मिलना चाहिए।

रघुराज प्रताप सिंह, उर्फ राजा भैया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वे मायावती के सबसे प्रमुख राजनीतिक विरोधियों में से एक बन गए थे। ज्ञातव्य है कि मायावती उन कुछ मुख्यमंत्रियों में शामिल थीं, जिन्होंने कुंडा में उनके प्रभाव को सीधे चुनौती दी थी।

लेकिन राजनीतिक तूफानों के बीच टिके रहने की उनकी क्षमता उल्लेखनीय रही है।

जब 1997 में बहुजन समाज पार्टी ने कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, तो सरकार को सत्ता में बने रहने के लिए विधायकों की संख्या जुटाने की जरूरत थी। कल्याण सिंह, जिन्होंने कभी राजा भैया को सार्वजनिक रुप से ''कुंडा का गुंडा'' कहा था, ने आखिरकार उनसे समर्थन मांगा। इसके बाद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदले और जल्द ही राजा भैया को कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया।

वे कल्याण सिंह, राजनाथ सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव सहित, अलग-अलग मुख्यमंत्रियों की सरकारों में मंत्री रह चुके हैं।

वर्षों तक वे एक निर्दलीय विधायक बने रहे। इस दौरान उन्होंने अपने राजनीतिक हितों के अनुसार अलग-अलग सरकारों को समर्थन दिया, लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी अलग पहचान और प्रभाव भी बनाए रखा। उन्होंने निर्दलीय विधायक की राजनीति से आगे बढ़कर, अपना अलग राजनीतिक मंच बनाने की कोशिश के फलस्वरुप, नवम्बर 2018 में ''जनसत्ता दल लोकतांत्रिक'' नाम की पार्टी बनाई।

- **और, अब अखिलेश यादव ने हिन्दुस्तान टॉइम्स लीडरशिप उत्सव में राजा भैया का नाम यू.पी. के कुख्यात गुंडे के रूप में गिनाया।**
- **सरकारें बदलीं, मु.मंत्री आए-गए, पर राजा भैया की कुंडा पर व किसी हद तक राजपूतों पर पकड़ बदस्तूर कायम है।**

अब तक यह पार्टी मुख्य रूप से उनके व्यक्तिगत प्रभाव और प्रतापगढ़ क्षेत्र तक ही सीमित रही है। लेकिन राजा भैया की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं अक्सर कुंडा से कहीं बड़ी रहीं हैं। उनकी राजनीतिक गतिविधियों और सार्वजनिक कार्यक्रमों से संकेत मिलता है कि वे खुद को ठाकुर समुदाय की आवाज के रूप में स्थापित करना चाहते हैं और उत्तर प्रदेश की व्यापक राजनीतिक बिसात पर एक अहम खिलाड़ी बनना चाहते हैं।

राजा भैया के राजनीतिक सफर का शायद सबसे दिलचस्प अध्याय समाजवादी पार्टी के साथ उनका लंबा जुड़ाव और बाद में उससे हुआ अलगाव है।

जब मायावती सत्ता में थीं, तब राजा भैया को गिरफ्तार किया गया था और उनके खिलाफ ''पोटा'' के तहत मामला दर्ज किया गया था। लेकिन 2003 में जब मुलायम सिंह यादव दोबारा मुख्यमंत्री बने, तो उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए गए। जेल से रिहा होने पर, समाजवादी पार्टी के कई बड़े नेता उनका स्वागत करने पहुंचे थे। यह इस बात का संकेत था कि समाजवादी पार्टी कुंडा के इस प्रभावशाली नेता को कितना राजनीतिक महत्व देती थी।

कई वर्षों तक दोनों के बीच संबंध मजबूत बने रहे। जब 2012 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी की जीत हुई, तो राजा भैया को अखिलेश यादव के मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया गया था।

लेकिन समय के साथ दोनों के रिश्तों में खटास आ गई।

2022 के विधानसभा चुनावों से पहले, अखिलेश यादव ने राजा भैया के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया और कुंडा में उनके खिलाफ प्रचार भी किया। लेकिन राजा भैया अपनी सीट बचाने में सफल रहे।

दोनों के बीच की कड़वाहट उस समय साफ दिखाई दी, जब, कुंडा के विधायक राजा भैया के साथ अपने रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर, अखिलेश ने कहा, ''कौन राजा भैया''?

2027 के विधानसभा चुनावों से पहले, दोनों के बीच राजनीतिक विरोध ने एक नया रूप ले लिया है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर राजा भैया पर निशाना साधा है। उन्होंने राजा भैया को कथित माफिया तत्वों के साथ जोड़ते हुए योगी सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

राम कथा के आयोजन ने इस राजनीतिक खाई को और गहरा कर दिया है। भगवान राम और भगवान कृष्ण पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की विवादित टिप्पणियों के बाद, समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में उनके कार्यक्रमों का विरोध किया था। इसके बावजूद, राजा भैया ने कुंडा में इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

सपा व कांग्रेस में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खुले हैं। नगीना सांसद आजाद ने एक समाचार एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही।

आजाद ने बताया कि उन्होंने सभी विपक्षी दलों से गठबंधन बनाने के लिए संपर्क किया था। उन्होंने जिम्मेदार नेताओं को औपचारिक संदेश भी भेजे थे। जब उन्हें लगा कि वे साथ नहीं आना चाहते, तो उन्होंने अलग मोर्चा बनाने का फैसला किया। उनका अनुभव बताता है कि भाजपा को हराने के लिए बड़े वोट शेयर वाले बड़े गठबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने 2017 और 2022 के चुनावों का उदाहरण दिया। आजाद ने सपा-कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे 2017, 2019, 2022 और 2024 में भी गंभीर नहीं थे। उन्होंने कहा कि इन विपक्षी दलों में भाजपा को रोकने की इच्छा नहीं है।

आजाद ने दावा किया कि मायावती के नेतृत्व वाली बसपा में लोगों का विश्वास कम हुआ है। उन्होंने बताया कि 2007 में बसपा का वोट शेयर 30 फीसदी था, जो अब घटकर नौ फीसदी रह गया है। यह 21 फीसदी का अंतर दर्शाता है कि चुनाव दर चुनाव लोगों का विश्वास घटा है। उन्होंने कहा कि आज बसपा का लोकसभा, विधानसभा या राज्यसभा में एक भी प्रतिनिधि नहीं है। इसके विपरीत, आजाद समाज पार्टी का समर्थन आधार लगातार बढ़ रहा है।

आजाद ने अपनी पार्टी के असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ गठबंधन को भाजपा की बी-टीम कहने के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि लोग ऐसे टिप्पणी करने वालों को जवाब देंगे, क्योंकि यह तर्क संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि 2022 में कांग्रेस ने सपा के खिलाफ 399 सीटों पर चुनाव लड़ा और करीब 300 सीटों पर जमानत जब्त हुई। उन्होंने पूछा कि क्या तब कांग्रेस बी-टीम थी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश और पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए उन्हें क्या-क्या करना है, इस बारे में आवश्यक जानकारी देंगे।

पंचायत राज संस्था के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली अच्छी सफलता के बाद कांग्रेस पार्टी के छोटे से बड़े नेता उत्साहित हैं। राहुल गांधी ने भी प्रदेश कांग्रेस के संगठन से जुड़े नेताओं को चुनाव में अच्छी उपलब्धि के लिए शाबाशी दी है।

सीमा पर तनाव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जहां भारतीय और चीनी सैनिक कई जगहों पर आमने-सामने हैं।

दोनों पक्षों ने इस इलाके में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है और आने वाली सर्दियों में पहाड़ी सीमा पर और भी ज्यादा ऑपरेशनल चुनौतियां सामने आएंगी। यह ताजा बैठक 6 और 7 सितंबर को पूर्वी सेक्टर में हुई कोर कमांडर स्तर की पहली बैठक के बाद हुई। ये बातचीत वाचा-दमाई बॉर्डर पर्सनल मीटिंग पॉइंट्स पर हुई।

आइज़नकोट,...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

द येशिवा वर्ल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, यह चेतावनी भी दी गई है कि लिकुड वार्ता का इस्तेमाल गठबंधन बनाने में देरी के लिए कर सकती है, ताकि आइज़नकोट का जनादेश समाप्त हो जाए।



INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, मानपुर: सुखराम हीरो, 9783877225, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेड़: किरण मोटर्स, 9314039090, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: मुहाना मोटर्स, 9351591591, रायसर: श्री बालाजी मोटर्स, 9414493720, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, एम आर मोटर्स, 0141-2348111, बेनर रोड: पूनिया मोटर्स, 9928868990, पालड़ी मीणा: बॉर्डर मोटर्स, 9376000602, बोराज: ओम मोटर्स, 9351825554.

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908